SHREE VASISHTHA VIDHYALAYA

Hindi 2nd Language Worksheet 2026-27

Name : - ______________ Std :- IV -

Roll No. :-________ **Worksheet No : TA1-01** Date : - ________

अपठितगद्यांश

गर्मी के बाद एक दिन अचानक आकाश में काले बादल छा गए।ठंडी हवा चलने लगी और कुछ ही देर में तेज़ वर्षा शुरू हो गई। बच्चे खुशी से झूम उठे। पेड़- पौधे बारिश की बूंदों से नहा गए।किसान भी बहुत खुश हुए क्योंकि बारिश उनके खेतों के लिए बहुत उपयोगी थी।बारिश रुकने के बाद आकाश में सुंदर इंद्रधनुष दिखाई दिया।पूरा वातावरण बहुत मनमोहक लग रहा था।

प्रश्न-1 गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) आकाश में कैसे बादल छाए थे ?

उत्तर आकाश में काले बादल छाए थे।

ख) बारिश रुकने के बाद क्या दिखाई दिया?

उत्तर बारिश रुकने के बाद इंद्रधनुष दिखाई दिया।

ग) विलोम शब्द ढूंढ़कर लिखिए।

1) रात - दिन 2) अनेक - एक 3) नाराज - खुश

घ) रिक्त स्थान भरिए

1) ठंडी हवा चलने लगी।

2) किसान भी बहुत खुश हुए।

3) पेड़ -पौधे बारिश की बूँदों से नहा गए।

प्रश्न-2 शब्दों के अर्थ लिखिए।

1) लाचार - बेबस

2) स्वच्छ - साफ़

3) व्यायाम - कसरत

4) स्वामी - मालिक

5) बलिदान - त्याग

6) पुरस्कार - इनाम

7) प्राणी - मनुष्य

8) नत - झुकना

प्रश्न-3 रिक्त स्थान भरिए।

1) बैलों ने साँड़ का सामना साहस से किया।

2) सुबह जल्दी उठकर सैर करनी चाहिए।

3) भाट ने स्वरचित कविता सुनाई।

4) घूमता - घूमता भाट आगरा पहुँचा।

5) स्वास्थ्य बड़ा अनमोल है।

प्रश्न-4 वाक्यों को पढ़कर सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइए।

1) महाराणा प्रताप मेवाड़ के राजा नहीं थे। (×)
2) घर के भोजन में पौष्टिक तत्व होते है। (✓)
3) सुबह देर तक सोना चाहिए। (×)
4) गया के घर में एक छोटी लड़की रहती थी। (✓)
5) घर का खाना पौष्टिक तत्वों का खजाना नहीं है। (×)

प्रश्न-5 प्रश्नों के उत्तर एक शब्द लिखिए।

1) दोनों बैलों के क्या नाम थे?
उत्तर हीरा और मोती
2) महाराणा प्रताप के घोड़े का नाम क्या था?
उत्तर चेतक
3) सबसे अनमोल किसे माना गया है?
उत्तर स्वास्थ्य
4) बड़े उम्र के लोग स्वस्थ रहने के लिए क्या करते हैं?
उत्तर योग
5) एक जगह बैठे रहने से क्या रुक जाता है?
उत्तर शारीरिक विकास
6) हीरा और मोती को किसने खरीदा?
उत्तर व्यापारी

गिनती

प्रश्न-6 अंकों को शब्दों में लिखिए।

क) ३५- पैंतीस
ख) ४८ - अड़तालीस
ग) ४६- छियालीस
घ) ३१- इकतीस

प्रश्न-7 शब्दों को अंकों में लिखिए।

क) सैंतालीस - ४७
ख) चालीस- ४०
ग) तैंतीस - ३३
घ) अड़तीस - ३८

प्रश्न-8 बीच का अंक लिखिए।

क) १५ १६ १७
ख) २५ २६ २७
ग) ४८ ४९ ५०
घ) ३६ ३७ ३८

प्रश्न-9 वर्ण विच्छेद कीजिए।

क) किसान - क् + इ + स् + आ + न् + अ
ख) आदत - आ + द् + अ + त् + अ